# यूपी में चीनी उत्पादन 24% बढ़ा



**नई दिल्ली •** चालू पेराई सीजन 2011-12 में उत्तर प्रदेश में चीनी के उत्पादन में 24 फीसदी की बढ़ोतरी होकर कुल उत्पादन 22.91 लाख टन का हो चुका है। मिलों के पास चीनी का स्टॉक ज्यादा होने के कारण मिलों ने बिक्री पहले की तुलना में बढ़ा दी है जिससे पिछले सप्ताहभर में चीनी की कीमतों में 100 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट आ चुकी है। उत्तर प्रदेश केन कमिश्नर कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चालू पेराई सीजन में राज्य में चीनी का उत्पादन बढ़कर 22.91 लाख टन हो चुका है जो पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 24 फीसदी ज्यादा है। उन्होंने बताया कि अभी तक हुई गन्ने की पेराई में रिकवरी पिछले साल की तुलना में तीन फीसदी कम आ रही है। रिकवरी में कमी का प्रमुख कारण गन्ने की जल्द कटाई है। **(ब्यूरो/एजेंसी)**